हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 1 फरवरी 2024


तापमान

अधिकतम 15.7 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री


12 जीएमएन कॉलेज में सूचना का अधिकार पर वाद -विवाद प्रतियोगिता





14 पीएम व सीएम मनोहर लाल ने ले रखी हेल्थ व एजूकेशन ...




## खबर संक्षेप

### देसी पिस्टल समेत हिसार का युवक गिरफ्तार

**बराड़ा।** सीआईए स्टाफ शहजादपुर की टीम ने एक युवक को 32 बोर की देसी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान हिसार के कुलाना के रविराज रूप में हुई है। आरोपी गांव थंबड़ में अपने किसी जानकार के पास रह रहा था।

### भ्रूण लिंग जांच के आरोपी को जेल भेजा

**अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र से भ्रूण लिंग जाँच के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मनोज कुमार निवासी कैथ माजरी अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता महिला डा0 अधिकारी डिप्टी-सिविल सर्जन अम्बाला ने 30 जनवरी 2024 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी ।

### कार की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

**यमुनानगर।** बाइपास पुल पर कार की टक्कर लगने से एक्टिवा सवार पेपर मिल कर्मी मनमोहन की मौत हो गई। जबकि एक महिला घायल हो गई। पेपर मिल कॉलोनी निवासी विनीत कुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता मनमोहन सिंह एक्टिवा पर सवार होकर देर शाम करीब सवा सात बजे लौट रहे थे। जब उसके पिता बाईपास पुल के ऊपर पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही कार ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। इस दौरान आरोपी कार चालक ने सड़क किनारे चल रही आजाद नगर निवासी एक महिला निर्मला को भी टक्कर मार दी।

# गुरुओं के दिखाए रास्तों पर चलकर समाज की भलाई के लिए करें कार्य : मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने हरियाणा के सिखों की सेवा में खट्टर नामक पुस्तक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सिख गुरु परंपराओं व उनकी स्मृतियों को संजोने की दिशा में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में पिपली के नजदीक एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा, जिसमें सभी सभी सिख गुरुओं की हरियाणा में जो भी निशानियां व स्मृतियां हैं, उन्हें इस स्मारक में संरक्षित किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ी गुरुओं के जीवन में मानवता की सेवा का अमर संदेश की प्रेरणा ले सकें। यह संग्रहालय निश्चित ही एक पर्यटन का केन्द्र बनेगा। मुख्यमंत्री बुधवार को जिला कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र विवि में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के सिखों की सेवा में खट्टर नामक पुस्तक का विमोचन करने उपरांत उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लेखक और प्रकाशक को इस पुस्तक का टाइटल बदलने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुस्तक में पिछले साढ़े 9 सालों में सिख गुरुओं के इतिहास को संजोने के लिए किए गए अनेक कार्यों जैसे गुरु नानक देव जी, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व व गुरु तेग बहादुर जी, बाबा बंदा सिंह बहादुर जी से संबंधित जितने भी कार्यक्रम हुए हैं, उनका उल्लेख किया गया है। उन्होंने पुस्तक के लेखक डॉ प्रभलीन सिंह तथा पुस्तक के प्रकाशन हेतु सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ की सराहना की।

- सिख गुरु परंपराओं व उनकी स्मृतियों को संजोने के लिए पिपली में बनेगा भव्य स्मारक




कुरुक्षेत्र। पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

यह पुस्तक अंग्रेजी, हिन्दी और पंजाबी तीनों भाषाओं में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख राज्य की स्थापना करने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर की राजधानी लोहगढ़, जिला यमुनानगर में देश और दुनिया के लिए बेहतरीन भव्य स्मारक बनाया जाएगा। इसके लिए लोहगढ़ ट्रस्ट को 20 एकड़ जमीन दे दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला सोनीपत के बडखालसा गांव के सिख युवक भाई कुशाल सिंह दहिया ने गुरु तेग बहादुर जी के शीश के स्थान पर अपने शीश का दान दिया, ताकि गुरु जी का शीश आनंदपुर साहिब पहुंच जाए, उनकी ये कुबार्नी हम सभी को याद रहेगी। उनकी इस शहादत के सम्मान में हमने बडखालसा में एक स्मारक बनाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए अलग से चुनाव आयोग बनाया गया है और यह उम्मीद है कि चुनाव कार्यक्रम जल्द जारी हो जाए, ताकि चुनी हुई कमेटी सही तरीके से गुरु घरों की संभाल कर सके।

सांसद संजय भाटिया ने लेखक डॉ. प्रभलीन और डीजीआईपीआर मंदीप सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की। राज्यमंत्री संदीप सिंह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच के कारण ही आज कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर एक नया इतिहास जुड़ा है। एचएसजीपीसी के महासचिव एवं प्रवक्ता रमणीक सिंह मान ने अच्छे और सफल आयोजन के लिए डीजीआईपीआर मंदीप सिंह और पुस्तक लेखन के लिए डॉ. प्रभलीन सिंह की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पर्यावरणविद सतेन्द्र सिंह बंगा, समाजसेवी कार्यकर्ता हरप्रीत कौर, प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र सिंह बैदवाला ने भी अपने विचार रखे। मंच का संचालन डॉ. कुलदीप सिंह ने किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर सूचना जन सम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह, उपायुक्त शांतनु शर्मा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भौरिया, पद्मश्री जगजीत सिंह दर्दी, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, एचएसजीपीसी के प्रवक्ता कंवलजीत सिंह अजराना, सदस्य रविन्द्र कौर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल सुधा, समाजसेवी लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह चीका, मोहनजीत सिंह, जगसीर सिंह मांगना, विनर सिंह, गुरबख्श सिंह, छत्रपाल सिंह, तेजेन्द्र सिंह, इकबाल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मौसम का बदला मिजाज बूंदाबांदी ने बढ़ाई कंपकंपी




कुरुक्षेत्र। बूंदाबांदी में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार सुबह एकाएक मौसम का मिजाज बदला। ठंडी हवाओं के बीच बूंदाबांदी होने लगी। बुधवार को अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एक फरवरी वीरवार को भी बारिश होने की संभावना है। बूंदाबांदी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर, लोग ठंड से बचने के लिए अलाव के माध्यम से ठंड से बचने का प्रयास करते दिखाई दिए। ठंडी तेज हवाएं चलने के कारण लोग अपने घरों में बैठने को मजबूर हो गए जिसके चलते अन्य दिनों की अपेक्षा सांय के समय पाकार्ं में लोगों की चहल- कदमी कम ही रही। बूंदाबांदी और तेज हवाओं के चलते के कारण बाजार में भी कारोबार पर असर दिखाई दिया। सांय के समय बाजार में लोगों की आवाजाही काफी कम ही रही। वहीं चिकित्सक भी बुजगार्ं को सुबह और शाम के समय सैर नहीं करने की सलाह दे रहे हैं। बारिश के कारण जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। वहीं बरसात से खेतों में खड़ी गेहूं व चारे की फसल को लाभ हुआ है। किसानों का कहना है कि बरसात गेहूं की फसल में खाद की तरह लग रही है और इससे ठंड बढ़ने से गेहूं की फसल को काफी लाभ होगा। किसानों का कहना है अधिक बरसात होने से सरसों-तोडिया,सब्जी, फूल व चारे की फसल को नुकसान हो सकता है। कृषि विशेषज्ञ के मुताबिक इस समय गेहूं की फसल के लिए बारिश वरदान से कम नहीं है। बारिश गेहूं फसल में सिंचाई की कमी को पूरा करेगी व तापमान में गिरावट आने से गेहूं की बढ़वार को फायदा होगा।

- ठंड से बचने के लिए लोगों को अलाव का लेना पड़ा सहारा

## तेज रफ्तार कार ने भेड़ों को कुचला, 25 ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला में तेज रफ्तार एक गाड़ी ने सडक़ पर चल रही भेड़ों को रौंद दिया। हादसे में 25 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक युवक को भी चोट आई है। घटना मंगलवार देर शाम अंबाला जिले के गांव बिहटा-घसीटपुर रोड की है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। गांव बिहटा के लाल चंद ने बताया कि उसके पास 100-150 भेड़ थी। मंगलवार शाम को घसीटपुर की तरफ से भेड़ को लेकर अपने घर की तरफ आ रहा था। इसी बीच गांव बिहटा की तरफ से तेज रफ्तार एक बीट कार आई और सीधे उसकी भेड़ों के झुंड में घुस गई। भेड़ों को रौंदते हुए ड्राइवर फरार हो गया। इस हादसे में उसके साथी मुकेश को भी चोटें आई हैं। पीड़ित लाल चंद ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद उसने डायल-112 को सूचना दी। टीम पहुंची,लेकिन आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

## कंपनी में जमा कराने के नाम पर लोगों से हड़पे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ग्लोब ऑटो मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी ने कंपनी में जमा कराने के नाम पर लोगों से लिए 15 लाख हड़प लिए। सदर जगाधरी पुलिस ने आरोपी गढ़ी जाटान निवासी संजीव दालियान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगाधरी के हनुमान गेट निवासी भूपेश कांबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कैल गांव के पास ग्लोब ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। करनाल के गांव गढ़ी जाटान निवासी संजीव दालियान पहले उनकी कंपनी में सेल डिपार्टमेंट में कार्यरत था। इस दौरान आरोपी ने कुछ कस्टमर से नकद लिए। लेकिन वह रुपये कंपनी में जमा नहीं करवाए। आरोप है कि आरोपी ने कस्टमर से रुपये लेने के बाद उन्हें कोई रसीद भी नहीं दी। आरोपी ने धोखाधड़ी करते हुए पैसे किसी अन्य व्यक्ति से उनकी कंपनी के खाते में लिए और रसीद दूसरे व्यक्ति के नाम से बना दी। जब कुछ कस्टमर उनके पास आरोपी की शिकायत लेकर आए तो उन्होंने जांच करवाई। जांच में लगभग 15 लाख रुपये की राशि आरोपी ने हेराफेरी कर हड़प ली। 2 मार्च को आरोपी को कंपनी से बर्खास्त कर दिया गया।


INDUS
Indus GROUP OF SCHOOLS
TRANSFORMING YOUNG MINDS INTO NATIONAL ASSETS
Scholarship cum Admission Test
4th February 2024
Sunday
at 10:00 am
for Nursery to IX & XI
For Registration Scan QR Code





Our Campuses : Rohtak 9992900573 | Jind 9729606705 | Kaithal 7082951005 | Mirchpur 7056718900 | Hisar 9466479143 | Karnal 9671111069 | Kinana 9728704032 Pillukhera 9254041041 | Khanda Kheri 9466572571
www.induseducation.org

## खबर संक्षेप



### शादीपुर-खजूरी मार्ग पर आए दिन लगता है जाम

**यमुनानगर।** शहर के शादीपुर-खजूरी मार्ग पर आए दिन जाम लगने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने सरकार से मार्ग पर लगने वाले जाम से छुटकारा दिलवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के रामपाल सिंह, सुखबीर सिंह, रविश, महेंद्र कुमार, बंटी, शिवदयाल, मनोज कुमार व सतबीर सिंह आदि ने बताया कि शहर के पुराना सहारनपुर मार्ग से शादीपुर वाया खजूरी से करनाल के लिए मार्ग जाता है। आजकल शुगर मिल में गन्ना पेराई का कार्य चल रहा है। जिसमें रोजाना सैंकड़ो गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां चलती हैं। वहीं, इस मार्ग पर रोजाना लक्कड़ से भरी सैंकड़ो ट्रालियां प्लाइवुड फैक्ट्रियों में जाती हैं। जिससे सुबह से लेकर दोपहर तक मार्ग पर शादीपुर के पास जाम की स्थिति बनी रहती है।

### धर्मबीर बने इसराना युनिट के प्रधान

**इसराना।** बिजली सब स्टेशन इसराना में मंगलवार को ऑल हरियाणा पावर वर्कर्स यूनियन की बैठक में सब युनिट इसराना का चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सब अर्बन प्रधान सतेंद्र पुनिया व मंच संचालन युनिट सचिव शिवकुमार ने किया। बैठक में राज्य उपप्रधान जितेंद्र सैनी की अध्यक्षता मे सर्वसमिति से सब युनिट इसराना का सब युनिट प्रधान लाइनमैन धर्मबीर, उपप्रधान एएलएम बलकार, सचिव युडीसी संदीप राठी, सहसचिव लाइनमैन रमेश कुमार व कैशियर एसए जितेंद्र को चुना गया है।

### अग्निवीर परीक्षा को आवेदन मांगे

**पानीपत।** भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश वर्ष 2025 हेतु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन पंजीकरण 6 फरवरी तक किए जा सकते हैं।

---

## पटवारी कार्यालय पर लगे हैं ताले

# पटवारियों की हड़ताल से जनता परेशान : गुंदियाना

परेशानी के चलते अधिकारियों से मिले भाकियू नेता, जनता के कार्य न होने से उन्हें भारी मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकरियों ने बुधवार को रादौर तहसील का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पटवारियों की हड़ताल के चलते जनता को हो रही परेशानियों को लेकर अधिकारियों से बातचीत की। भाकियू जिला प्रधान संजू गुंदयाना ने कहा कि प्रदेश में लगभग एक महीने से पटवारियों की हड़ताल चल रही है। जिस कारण जनता के काम रूके पड़े हैं। लेकिन सरकार कुंभकर्णी नींद सोई हुई है। जनता के कार्य न होने से उन्हें भारी मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लेकिन सरकार को जनता की परेशानी से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि हर रोज ग्रामीण अपने कायार्ं के लिए पटवारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उनके कार्यालयों पर ताले लगे हुए हैं। जिस कारण उन्हें बिना अपने काम करवाये वापिस खाली हाथ अपने घर लौटना पड़ रहा है। लोग कई कई किलोमीटर से ग्रामीण पटवारी से संबंधित कायार्ं को लेकर पटवारियों के दफ्तर पर आते हैं। लेकिन हड़ताल के कारण परेशानी झेलकर चले जाते हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार हड़ताल को देखते हुए किसी ओर की ड्यूटी लगाकर जनता के कार्य करवाने का काम करे। अन्यथा किसान यूनियन मजबूर होकर सड़को पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएगी। उनकी मांग है कि सरकार पटवारियों से बात कर उनकी मांगों को पूरा करे और जनता को हो रही परेशानियों का समाधान करे। मौके पर संदीप टोपरा, हरजीत सिंह इस्माइलपुर व मोहनलाल सैनी आदि मौजूद थे।



यमुनानगर के तहसील रादौर में लगा ताला दिखाते किसान।

---

### रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ झगड़ा

**यमुनानगर।** रास्ते के विवाद पर पुराना हमीदा गढ़ी गुजरान में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए हैं। इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुराना हमीदा गढ़ी गुजरात में महरूफ हसन व अरशद पक्ष के बीच झगड़ा हुआ। आरोप है कि अरशद पक्ष ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर घर में घुसकर महरूफ हसन व उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की और ईंट व डंडों से मारपीट कर तीन लोगों को घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायलों को पीजीआई रेफर का दिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी अरशद, इंतजार, असमीर, शोएब, इखलाख, सलमान, अब्बास, मेहताब व जुनैद पर केस दर्ज किया है। गढ़ी गुजरान निवासी साबिर ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अरशद पक्ष उनके प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं। वे रास्ते में बाउंड्री बना रहे थे। जिसका विरोध किया तो गाली गलौज की गई। इस संबंध में भी उनके ताऊ मुस्तकीम ने पुलिस को भी शिकायत दी थी। इस रंजिश में ही आरोपी अरशद, इंतजार, असमीर व शोएब आदि ने उनके घर में घुसकर हमला बोल दिया। इस बारे में डायल 112 को सूचना दी गई। पुलिस ने उन्हें आरोपियों से बचाया और उन्हें अस्पताल में भिजवाया।

---

## नाचरौन-पालेवाला लिंक मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से लोग परेशान

- ग्रामीणों ने की सरकार से मार्ग को ठीक करवाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिले के जठलाना क्षेत्र में गांव नाचरौन-पालेवाला लिंक मार्ग के लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ा होने से लोग परेशान हैं। सड़क की इतनी खस्ताहालत हो चुकी है कि इसे देखकर कभी नहीं लगता है कि यह सड़क ही है। क्षेत्रवासियों ने सरकार से सड़क की रिपेयर करवाए जाने की मांग की। क्षेत्र के राजबीर सिंह, सुखदेव सिंह, कुलबीर सिंह, दिलीप, रामचंद्र, सुभाष, बंटी व सुरेश आदि ने बताया कि पिछले कई वर्षों से जठलाना क्षेत्र के गांव नाचरौन-पालेवाला तक करीब दो किलोमीटर का लिंक मार्ग क्षतिग्रस्त पड़ा है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में आए दिन कोई ना कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने लगा है। उनका कहना है कि आजकल क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसान अपने ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना भरकर उसे यमुनानगर के सरस्वती शुगर मिल में लेकर जाते हैं। मगर मार्ग पर बने गड्ढों में से गन्ने से भरे वाहनों का निकला मुश्किल हो रहा है। उनका कहना है कि एक तो लिंक मार्ग है और दूसरा वह क्षतिग्रस्त पड़ा है।



यमुनानगर के नाचौरन-पालेवाला लिंक मार्ग की बनी हुई क्षतिग्रस्त हालत।

जिस पर वाहनों को बामुश्किल चलाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बारे में कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। वहीं, अब सर्दी के मौसम में अब धुंध पड़ने के बीच मार्ग पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर वाहन तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशसन से मार्ग को तुरंत ठीक करवाया जाने की मांग की है।

---

## बॉयलोजी अध्यापिका की सेवानिवृत्ति पर किया विदाई समारोह का आयोजन

- स्टाफ सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी में बॉयलोजी अध्यापिका अंजू नय्यर शिक्षा विभाग में 28 वषार्ं की सेवा के उपरांत बुधवार को सेवानिवृत्त हो गई। उनके सम्मान में विभाग के कर्मचारियों की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त अध्यापिका अंजू नय्यर को स्कूल की प्रिंसीपल इंदिरा देवी व अन्य स्टाफ सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। अंग्रेजी प्रध्यापक पवन रोहिल्ला ने कहा कि अंजू नय्यर ने अपनी डयूटी को बड़ी ईमानदारी व निष्ठा से निभाया। उन्होंने स्कूल के परीक्षा परिणामों को बेहतर करने में भरपूर सहयोग किया है। अंजू नय्यर विभाग की एक ईमानदार सिपाही हैं। विभाग को उनकी सेवाओं पर गर्व है। उन्होंने उनकी लंबी आयु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। मौके पर मुकेश रोहिल, विपिन कुमार, दिनेश कुमार, राजेंद्र कुमार, रामपाल, राजेश कुमार, जसविंद्र, प्रवीण, निर्मल सिंह, जसकुमार, राहुल कुमार, मीनू रानी, रूबी, मीना, रेखा, कविता, मंजू व नेहा आदि मौजूद थे।



यमुनानगर के राजकीय विद्यालय चमरोड़ी से सेवानिवृत्त अध्यापिका अंजू नय्यर को सम्मानित करती स्कूल की प्रिंसीपल व अन्य।

---

### योग शिविर में साधकों को सिखाया योग

**यमुनानगर।** पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में बुधवार को जगाधरी में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में योग शिक्षक महेंद्र सिंह ने साधकों को योग सिखाया। उन्होंने शिविर में योग साधकों को चक्रासन, शीर्ष आसन, गोमुख आसन, उष्ट्रासन व प्राणायाम आदि के बारे में जानकारी दी। मौके पर शिविर में पतंजली योग पीठ से जुड़े डॉ. संजीव ने साधकों को विभिन्न जड़ी बूटियों के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एलोविरा एवं आंवले का जूस थोड़े गर्म पानी में मिलाकर लेने से मोटापा कम होता है। चुटकी भर दाल चीनी गर्म पानी अथवा चाय में डालकर लेने से कोलेस्ट्रोल में लाभ मिलता है। एलोविरा का जूस सुबह शाम लेने से नई उर्जा का संचार होता है। गिलोय के जूस के दो तीन चम्मच लेने से यूरिक एसिड में लाभ मिलता है। शतावर का पाउडर लेने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

---

## एनीमिया दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का करें सेवन : डॉ. निर्मल

- निर्मल अस्पताल में एनीमिया मरीजों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर के दिल्ली मार्ग पर कैंप में स्थित निर्मल अस्पताल में बुधवार को एनीमिया मरीजों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें अस्पताल के संचालक डॉ. निर्मल ने मरीजों को एनीमिया के लक्षण व बचाव की जानकारी दी।

डॉ. निर्मल ने बताया कि एनीमिया एक तरह की बीमारी है। जो रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्ति को शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं और हिमोग्लोबिन की कमी से होता है। हिमोग्लोबिन रक्त. की कोशिकाओं के लिए ऑक्सीजन आबाध्य करने के लिए आवश्यक होता है। यह शरीर में आयरन की कमी से भी होता है। डॉ. निर्मल ने कहा कि खून की कमी सभी वर्ग के बच्चों एवं गर्भवत्ती महिलाओं में अधिक पाई जाती है। जिनको एनीमिया होने पर शारीरिक कमजोरी, थकान, सिर दर्द, चक्कर आना, त्वचा का पीला होना, दिल की धड़कन का बढ़ना, नाखुन और जीभ का सफेद होना आदि लक्षण दिखाई देते है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने हिमोग्लोबिन की जांच भी करवानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एनीमिया को दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इनके साथ भोजन में विटामिन सी और ए युक्त खाद्य पदार्थ जैसे नींबू, मौसमी, आवंला और संतरा आदि का सेवन करना चाहिए। इसके अलावा घर में लोहे से बने बर्तन का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोहे की बनी कढ़ाई में ही हरी पत्तेदार सब्जी बनानी चाहिए। खाना खाने के बाद गुड़ या गुड़ से बनी चीजें जैसे टिक्ड़ी या तिल से बनी गुड़ की पट्टी अवश्य खानी चाहिए। आयरन की कमी होने पर बच्चों को आयरन की गोलीयां खिलाई जा सकती है।



यमुनानगर के निर्मल अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनीमिया से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. निर्मल सिंह।

---

## बढ़ती बेरोजगारी बन रही है समस्याः त्यागी

- आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी और महंगाई पर जताई चिंता
- प्रदेश में आप की सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने का किया जाएगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

आप ने प्रदेश सरकार पर बेरोजगारों को रोजगार देने और महंगाई पर नियंत्रण करने में असफल रहने का आरोप लगाया। उक्त बात बुधवार को आप के अंबाला लोकसभा क्षेत्र के ज्वांइट सचिव एवं विस नेता ललित त्यागी ने कही। विस नेता ललित त्यागी ने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगार युवक रोजगार पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। वहीं, महंगाई के कारण आम आदमी परेशान हो गया है। आम आदमी को अपने घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। विस नेता ललित त्यागी ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्ता में आने पर बड़े बड़े वादे किए थे। मगर पिछले नौ साल के शासन में प्रदेश सरकार ने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।प्रदेश में आप की सरकार बनने पर पंजाब और दिल्ली की तर्ज पर लोगों की खुशहाली के लिए काम किया जाएगा।




---

## उद्यमशीलता और व्यावसायिक कौशल विकास पर कार्यशाला

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के सहयोग से उद्यमिता एवं व्यावसायिक कौशल विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान व कौशल विकास की जानकारी दी गई। उद्यमिता विकास सेल के समन्वयक डॉ.अशोक खुराना ने प्रतिष्ठित वक्ताओं आईबीएम स्किल्सबिल्ड के वरिष्ठ परियोजना सहयोगी दीपांशु राघव और एक सोच नई सोच एनजीओ के अध्यक्ष और संस्थापक शशि गुप्ता का स्वागत किया। वाणिज्य विभाग की डीन डॉ.जसविंदर कौर ने कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान दीपांशु राघव ने उद्यमिता की बुनियादी बातों के साथ-साथ पेशेवर परिदृश्य में नवीनतम रुझानों को शामिल करते हुए मूल्यवान अंतर्दृष्टि सांझा की और तेजी से विकसित हो रहे कारोबारी माहौल में निरंतर कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। जबकि शशि गुप्ता ने उद्यमशीलता के पहलुओं पर प्रकाश डाला। उद्यमिता में सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वास्तविक दुनिया के अनुभवों और सफलता की कहानियों को सांझा किया। गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ.हरिंदर सिंह कंग ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह एनजीओ एक सोच नई सोच के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आता है जिसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के संचालन में प्रो.सीमा, डॉ.श्वेता, प्रो.शिल्पी, प्रो.निशि, प्रो.जसप्रीत सिंह, प्रो.पूजा रानी, पूनम भसीन आदि में सहयोग किया।



यमुनानगर के गुरुनानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यशाला के दौरान संबोधित करते अतिथि।

---

## एक ही रात में चोरों ने चार स्थानों को बनाया निशाना

- दो मंदिरों व अन्य स्थानों से चुराया लाखों का सामान

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

देर रात चोरों ने दो मंदिरों समेत चार स्थानों से लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। मंडौली गग्गड़ निवासी जय कुमार ने बताया कि वह गांव में बने शिव मंदिर का पुजारी है। अलसुबह करीब तीन बजे जब वह उठा तो उसने देखा कि मंदिर से इनवर्टर बैटरा, घंटा, घड़ियाल व शिवलिंग से नाग देवता की मूर्ति चोरी थी। उधर, जयरामपुर खालसा निवासी सुमन कुमार ने बताया कि वह गांव के गुरु रविदास मंदिर का प्रधान है। सुबह जब वह मंदिर गया तो वहां से दानपात्र व गैस सिलैंडर चोरी था। दानपात्र में हजारों रुपये थे।

गांव मंडौली गग्गड़ निवासी ज्ञान सिंह ने बताया कि उसकी गांव में सरकारी स्कूल के पास बिजली मैकेनिक की दुकान है। सुबह चार बजे जब वह सैर करने के लिए दुकान की तरफ आया तो दुकान का शटर कटा हुआ था। अंदर से बैटरी व अन्य सामान गायब था।

इसी तरह बिलासपुर निवासी विजय अग्रवाल ने बताया कि उनका छछरौली रोड पर जेके राइस मिल के नाम से शैलर है। सुबह सात बजे जब वह शैलर पहुंचा तो मोटर की तारें चोरी थी। जब वे छत पर गए तो वहां कुछ व्यक्ति तार काटते हुए मिले। उन्हें देखकर आरोपी भाग निकले। इस दौरान उन्होंने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम डेहा बस्ती बिलासपुर निवासी अवतार बताया।

---

### प्रशासन से लगाई बेसहारा गोवंशजों को पकड़वाने की मांग

# हजारों रुपये खर्च कर किसान खेतों की कर रहे तारबंदी

- बेसहारा गोवंशज किसानों की फसलों को उजाड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिले का शहरी क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र बेसहारा गोवंशजो के कारण परेशान है। शहरी इलाकों में जहां बेसहारा घूम रहे पशु हादसों का कारण बन रहे हैं, वहीं, ग्रामीण इलाकों में बेसहारा गोवंशज किसानों की फसलों को उजाड़ रहे हैं। जिससे किसान मजबूरी में हजारों रुपये खर्च करके खेतों की तारबंदी करके अपनी फसलों को बचाने के लिए बेबश हो रहे हैं। किसानों ने सरकार व जिला प्रशासन से ग्रामीण इलाकों में घूम रहे बेसहारा गोवंशजों को पकड़वाकर उन्हें गौशाला आदि में भेजे जाने की मांग की है।

**खेतों में फसलों को हो रहा नुक्सानः** किसान महेंद्र सिंह, राज सिंह, अमनदीप सिंह, प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह व मनोज आदि ने बताया कि जिले का कोई गांव ऐसा नहीं है जिसमें दर्जनों बेसहारा गोवंशज घूमते हुए दिखाई ना देते हों। दिन के समय तो किसान अपने खेतों में घुसने वाले बेसहारा गोवंशजो को भगा देते हैं। मगर रात्रि के समय बेसहारा घूम रहे गोवंशज खेतों में घुसकर उनकी गेहूं, चारा व अन्य फसलों को भारी नुक्सान पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है कि गेहूं आदि की फसलों की पैदावार करने पर पहले ही इतना खर्च बढ़ चुका है कि किसान परेशान हैं। मगर अब एक समस्या और खड़ी हो गई है कि गांवों में दर्जनों-दर्जनों बेसहारा गोवंशज घूम रहे हैं और किसानों के खेतों में घुसकर फसलों को उजाड़ रहे हैं। जिससे दिनभर किसान मेहनत कर थक कर रात को सोने का प्रयास करता है। लेकिन फसल की चिंता उन्हें सोने नहीं देती। ठंड के मौसम में भी खेत से बेसहारा गोवंशजो को भगाने के लिए उन्हें बार-बार खेतों में जाना पड़ता है।

**तारबंदी पर हो रहा हजारों रुपये का खर्च**

किसानों का कहना है कि अधिकांश किसानों ने फसलों को बचाने के लिए खेतों के चारों तरफ तारबंदी करनी शुरु कर दी है। जिस पर प्रति एकड़ हजारों रुपये खर्च आ रहा है। मगर जो छोटे किसान हैं, वह ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। किसानों ने प्रशासन से पंचायतों को आदेश देकर गांवों में घूम रहे गोवंशजो को गौशालाओं में पहुंचाए जाने की मांग की।




यमुनानगर के जठलाना क्षेत्र में बेसहारा गोवंशजो से परेशान किसानों द्वारा खेत में की गई तारबंदी व बेसहारा घूम रहे गोवंशज।

---

## सभी को एकता के सूत्र में बांधने का अनुपम ग्रंथ है गीताः महाराज

- शहर के कैंप में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत गीता में कथाव्यास ने बताया श्री गीता का महत्व
- भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर के कैंप चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को वृंदावन से पहुंचे कथाव्यास स्वामी पुष्कर महाराज ने कहा कि गीता सभी संप्रदायों को एकता के सूत्र में बांधने का अनुपम ग्रंथ हैं। भारत के जातीय जीवन के लिए गीता एक अमूल्य संपत्ति है। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्रीगीता के महत्व को बताया। मौके पर श्रद्धालुओं ने भजनों का श्रवण कर खूब आनंद लिया। कथाव्यास पुष्कर महाराज ने फरमाया कि भारत के गौरव पूर्ण इस ग्रंथ से मानव जाति के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए सदैव सहायता मिलती रहेगी। महाराज ने कहा कि गीता का अनोखा मर्म विश्व के समस्त धमार्ं में समाया हुआ है। उन्होंने कहा कि गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि मनुष्य इस संसार के भौतिक पदार्थों को प्राप्त करके कदापि तृप्त नहीं हो सकता क्योंकि भौतिक दृष्टिकोण मनुष्य के जीवन को नीरस बना देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य भगवान की शरण में जाकर तथा भगवान के साथ आत्मीयता का नाता स्थापित करके ही सच्चे सुख और शांति को प्राप्त कर सकता है। पुष्कर महाराज ने कहा कि भगवान का वास सभी जगह है। वह कण-कण में विराजमान हैं।



यमुनानगर के कैंप में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

**खबर संक्षेप**

### स्व. ज्ञानी सिंह की धर्मपत्नी की अंतिम अरदास 4 को

**कुरुक्षेत्र।** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ज्ञानी मेहर सिंह, जिन्होंने आजादी के लिए कई जेल काटी और वह सुभाष चंद्र बोस के साथ भी रहे। उनकी धर्मपत्नी जसबीर कौर का देहांत 27 जनवरी 2024 को हो गया था। सोमवार 29 जनवरी 2024 को उनका संस्कार देवीदास पूरा कुरुक्षेत्र में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा भी उन्हें श्रद्घाजंली दी गई और उनके परिवार के साथ शोक व्यक्त किया।

### डीएलएसए ने आमजन को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निर्देशानुसार डीएलएसए द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप भविष्य आपके हाथ में एक मतदान अधिकार अभियान के तहत कैंपेन चलाया गया है। इस कैंपेन के तहत दयानंद महिला विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस कैंपेन के तहत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### श्रीराम भारत के नहीं, पूरे विश्व के लिए आदर्श

**कुरुक्षेत्र।** रामायण पूरे विश्व के लिए हमेशा एक आदर्श रहेगी। रामायण वर्तमान एवं आने वाले समय में पूरे विश्व को धर्म और नैतिकता पर चलने का मार्ग दिखाएगी। रामायण के ऐतिहासिक प्रमाण पूरे विश्व में विख्यात है, जो यह दशार्ते है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारत के लिए नहीं, अपितु पूरे विश्व के लिए आदर्श चरित्र है।

### कमी किसी भी सरकार में नहीं होती: संदीप गर्ग

**लाडवा।** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने लाडवा के अम्बेडकर चौंक के आसपास के दुकानदारों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि कमी किसी भी सरकार में नहीं होती, कमी हमेशा जनता द्वारा चुने गए नुमाइंदो में होती है।

### छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में विचार किए साझा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंचवर्षीय विधि संस्थान द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 34 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ. सुशीला चौहान, विधि संस्थान की निदेशक ने प्रारंभिक भाषण दिया और छात्रों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता के संयोजक विधि संस्थान के प्रोफेसर डॉ. अमित कम्बोज रहे।

# बजट में बढ़ती महंगाई पर लगाया जाए अंकुश, आयकर सीमा बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


गुलशन ग्रोवर।

केंद्र की मोदी सरकार बुधवार को संसद के बजट सत्र में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेगी। केंद्रीय बजट को लेकर हर वर्ग को ढेरों उम्मीदें रहती हैं। महिलाओं को भी मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट को लेकर उत्सुकता है। चूंकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन खुद एक महिला है इसलिए महिलाओं को इस बजट से ज्यादा उम्मीदें है। केंद्रीय बजट में क्या कुछ नया होने वाला है, उसको लेकर महिलाएं उत्सुक हैं। किसानों का कहना है कि खेती की लागत कम नहीं हो रही है। महंगाई बढ़ने की वजह से हर साल फसल की लागत में इजाफा हो जाता है। उर्वरकों में मिलने वाली सब्सिडी को भी किसानों ने बढ़ाने की जरूरत बताई है।

## केंद्रीय बजट को लेकर हर वर्ग को ढेरों उम्मीदें

### महंगाई पर लगाम लगाने की अपील


रजवंत कौर।

रसोई का बजट संभाल रहीं महिलाओं ने केंद्रीय बजट 2024-25 में महंगाई पर लगाम लगाने के लिए कदम उठाने की अपील की है। सामाजिक कार्यकर्ता रजवंत कौर का कहना है कि बजट में ऐसा कुछ प्रावधान करें ताकि सस्ते घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडेर सभी वर्गों के लिए उपलब्ध हो सके। पिछले कई सालों से लगातार महंगाई बढ़ रही है। दाल-चावल से लेकर हर चीज महंगी हो रही है। इस बजट में सरकार महंगाई से थोड़ी राहत दे। गैस सिलिंडर के दाम में कमी करनी चाहिए। रजवंत कौर का कहना है कि अंतरिम बजट में सरकार महंगाई को कम करने के लिए सिलिंडर पर सब्सिडी बढ़ाने समेत कोई योजना लेकर आए। इसके अलावा दैनिक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दामों में भी कमी की जाए। का कहना है बढ़ती महंगाई के कारण घर का खर्च बिगड़ गया है। महिलाओं ने निजी स्कूलों में बच्चों की महंगे फी स्ट्रक्चर पर निपटने के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने की अपील की है।

### बजट में पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती की जाए


जितेंद्र अरोड़ा।

दुकानदार जितेंद्र अरोड़ा का कहना है कि सरकार को आम जनता को राहत प्रदान करते हुए पेट्रोल डीजल के कीमतों में कटौती करनी चाहिए। सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करने के लिए खाद्य सामग्री के साथ गैस, पेट्रोल एवं डीजल के दाम में कटौती करनी चाहिए।

### व्यापारियों के लिए बजट में विशेष इंतजाम किए जाने की जरूरत



राजेश सिंगला।

व्यापारी राजेश सिंगला ने व्यापारियों के लिए बजट में विशेष इंतजाम किए जाने की जरूरत है। व्यापारियों को जितनी राहत मिलेगी। उतना ही देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। सरकार को बजट में व्यापारियों के लिए भी पेंशन की व्यवस्था करनी चाहिए। दस लाख तक के इलाज की निशुल्क सुविधा भी दी जाए। ऑनलाइन ट्रेडिंग पर अतिरिक्त टैक्स लगाया जाए ताकि खुदरा व्यापार बचा रहे। नई इनकम टैक्स स्लैब में 80सी की छूट को भी शामिल किया जाए।

### सीनियर सिटीजन के लिए रियायती टिकट शुरू करने की मांग

वरिष्ठ नागरिक गुलशन ग्रोवर ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण को बजट में सीनियर सिटीजन के लिए रियायती टिकट दोबारा से शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सीनियर सिटीजन के लिए रियायती टिकट बंद कर दी गई थी जिसके बाद यह रियायती टिकट शुरू नही की गई है। इस कारण से सीनियर सिटजनस को काफी परेशानी हो रही है।

### सिंचाई की सुविधा बढ़ाने पर दिया जाए ध्यान


प्रिंस वडैच।

किसान नेता प्रिंस वडैच का कहना है कि फसल की लागत कम करने के लिए पेट्रोल-डीजल का दाम कम करने की जरूरत है। सरकार बजट में योजनाएं लागू करे, जिससे फसलों के नुकसान को कम किया जा सकें। सिंचाई में डीजल की वजह से काफी पैसा खत्म हो जाता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल का दाम कम किया जाए। सरकार को सिंचाई की सुविधा बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

## रिले रेस में सिरसा व भिवानी ने मारी बाजी, राज्यस्तरीय पीएम श्री स्कूल खेल स्पर्धा संपन्न

# ऊंची कूद में कुरुक्षेत्र के अरमान और भिवानी की ज्योति रही प्रथम

रिले रेस में लडकों के मुकाबले में सिरसा तो लड़कियों के मुकाबले में भिवानी जिला ने बाजी मारी जबकि 400 मीटर दौड़ स्पर्धा के लड़कियों के मुकाबले में जींद प्रथम रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

समग्र शिक्षा द्वारा द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित पहले पीएम श्री स्कूल खेल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई। सभी वर्गों में रोचक मुकाबले हुए तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रिले रेस में लडकों के मुकाबले में सिरसा तो लड़कियों के मुकाबले में भिवानी जिला ने बाजी मारी जबकि 400 मीटर दौड़ स्पर्धा के लड़कियों के मुकाबले में जींद प्रथम रहा। गौरतलब तलब है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी ने मंगलवार को प्रतियोगिता का उदघाटन किया था। समग्र शिक्षा की जिला परियोजना समन्वयक संतोष शर्मा और मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी नन्दन ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया तथा पदक वितरित किए। विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी नन्दन कुमार की ओर से सम्मानित किया गया। डीपीसी संतोष शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी तथा सफल आयोजन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन व विभागीय कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पीएमश्री स्कूलों की यह पहली राज्यस्तरीय स्पर्धा थी। भविष्य में यह आयोजन और विस्तार लेगा। खेलों के प्रति युवा पीढ़ी में बढ़ रहा रुझान प्रशंसनीय है। इन्हीं के माध्यम से देश को भावी खिलाड़ी व पदक विजेता प्राप्त होंगे। परिणामों की जानकारी देते हुए डीपीसी संतोष शर्मा बताया कि लडकों की चार गुना 100 रिले रेस में सिरसा ने पहला, करनाल ने दूसरा और फरीदाबाद में हिसार ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी स्पर्धा के लड़कियों के मुकाबले में भिवानी जिला की टीम ने पहला, सिरसा ने दूसरा, फतेहाबाद ने तीसरा और जींद ने चौथा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में जींद जिला पहले, सिरसा दूसरे, रेवाड़ी तीसरे और भिवानी चौथे स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि ऊंची कूद स्पर्धा के लडकों की मुकाबले में कुरुक्षेत्र के अरमान ने पहला, रेवाड़ी के तुषार ने दूसरा तथा गुरुग्राम के दीपांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि लड़कियों की ऊंची कूद में भिवानी की ज्योति ने पहले, हिसार की ज्योति दूसरे और जींद की शीतल ने तीसरे स्थान पर रहीं।

### गोला फेंक स्पर्धा में गुरुग्राम के विष्णु प्रथम

प्रभारी एपीसी प्रदीप कुमार ने बताया कि डिस्कस थ्रो स्पर्धा के पुरुष वर्ग में जींद के समीर ने पहले सिरसा के अरविंद ने दूसरा तथा पानीपत के शिवम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि महिला वर्ग में चरखी दादरी की वंशिका ने पहला, जींद के रितु ने दूसरा तथा करनाल की किरण ने तीसरा स्थान हासिल किया। गोला फेंक स्पर्धा के पुरुष वर्ग में गुरुग्राम के विष्णु पहले, करनाल का अनुराग दूसरे तथा पानीपत का तमन तीसरे स्थान पर रहा जबकि इस स्पर्धा के महिला मुकाबले में रेवाड़ी की परमाक्षी ने पहला, दादरी की वंशिका ने दूसरा तथा सिरसा की रवीना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि ऊंची कूद स्पर्धा के पुरुषों वर्ग में करनाल के अमन ने पहला, गुरुग्राम के दीपांशु ने दूसरा, रोहतक के दीपांशु ने तीसरा और रेवाड़ी के तुषार ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा के महिला वर्ग में रेवाड़ी की शिवानी ने पहला, फतेहाबाद की सकिना ने दूसरा, हिसार की प्रिया ने तीसरा और जींद की रितिका ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

### 400 मीटर दौड़ में हिसार के हितेश प्रथम

लडकों की 400 मीटर दौड़ में हिसार के हितेश ने पहला, भिवानी के तुषार ने दूसरा और करनाल के जतिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लडकों की 200 मीटर दौड़ में हिसार के विनय ने पहला, जींद के कार्तिक ने दूसरा और करनाल के अमन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि इस स्पर्धा के लड़कियों के मुकाबले में पानीपत की मन्नत पहले, भिवानी की मुस्कान दूसरे और झज्जर की दिव्या तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि 100 मी दौड़ के पुरुष वर्ग में हिसार के विनय प्रथम, सोनीपत के नितिन द्वितीय तथा फतेहाबाद के जसनपाल तृतीय स्थान पर रहे जबकि लड़कियों की स्पर्धा 100 मीटर दौड़ में भिवानी की शशि पहले, पानीपत की मन्नत दूसरे और फतेहाबाद की हरमनजोत तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर बीईओ लाडवा हरदीप कौर, बीआरसी रामकरण, प्रिंसिपल रामपाल, एईओ हरीश शर्मा, एपीसी प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, डॉ कृष्णा, सुनील कुमार, मनोज कुमार, जसवीर सिंह, चंद्रभान आदि उपस्थित थे। मंच संचालन सतबीर कौशिक ने किया।

# लोस व विस टिकट वितरण में बीसीए वर्ग को दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस ओबीसी सैल के प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत प्रवीन कश्यप दयालपुर।

कांग्रेस ओबीसी सैल के प्रदेश संयोजक व पानीपत जिला प्रभारी प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बीसीए वर्ग का योगदान महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की आबादी 10 लोकसभा व 90 विधानसभा सीटों के साथ 2.83 करोड़ के पार जा चुकी है। प्रदेश में बीसी वर्ग की 30.35 प्रतिशत व एससी वर्ग की 20.71 प्रतिशत आबादी है। अगर कुरुक्षेत्र और लोकसभा सीटों का जिक्र करें, तो बीसी ए वर्ग का वोट बैंक भी अच्छी प्रतिशतता में है, जहां अकेले कश्यप समाज की कुरुक्षेत्र और करनाल में क्रमशः 1.50 लाख व 2.50 लाख के लगभग वोट है। करनाल व कुरुक्षेत्र लोकसभा सीटों पर बीसी वर्ग की बहुलता है। इस समाज का योगदान चुनाव के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, जोकि कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करेगा। प्रवीन कश्यप ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कश्यप समाज को अधिक से अधिक टिकट दिए जाने की मांग को लेकर हरियाणा प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया व ओबीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है। प्रवीन कश्यप ने कहा कि उत्तरी हरियाणा की करीब 17 विधानसभा सीटों पर कश्यप समाज का वोट निर्णायक भूमिका निभाता है, जिनमें इंद्री, घरोंडा, पानीपत ग्रामीण, लाडवा, जगाधरी व असंध में कश्यप समाज बहुसंख्यक है। इस प्रकार जनप्रतिनिधि को लोकसभा व विधानसभा में भेजने के लिए कश्यप समाज की अहम भूमिका होगी।

### रामरतन की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में सम्मान समारोह का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय एक पारिवारिक परम्पराओं का निर्वहन करने वाली संस्था है। यहां कार्यरत प्रत्येक सदस्य विद्यालय की उन्नति में अमूल्य योगदान हेतु सदैव तत्पर रहता है। भारतीय परम्परा का निर्वहन करते हुवे आज गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रांगण में 38 वर्षों से कार्यरत रामरतन की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन एवं माँ सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा माल्यार्पण, स्मृतिचिह्न व शॉल भेंट करते हुवे श्री रामरतन जी एवं उनके परिवार का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नारायण सिंह ने रामरतन की कर्तव्यनिष्ठता पूर्ण कार्यशैली की मुक्तकंठ से प्रशंसा की व प्रेरणाप्रद कार्यपद्धति के विषय में बताया। मुख्य पर्यवेक्षक तेजवीर, डॉ. संतोष देवांगन, भास्करानंद, किशोर, अरविंद मिश्रा व प्रकाश ने रामरतन द्वारा किए गए कार्यों की विद्यालय में प्रदत्त सेवाओं की प्रशंसा की।

# सिख समाज के लिए ऐतिहासिक और यादगार कार्य किए सरकार ने: संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिक्ख समाज के लिए जो कार्य किए है, आज तक किसी भी सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा नहीं किए गए है।

इस सरकार ने सिक्ख समाज के लिए अनेकों योजनाओं को अमलीजामा पहनाया और प्रदेश में गुरु घरों की देखरेख के लिए अलग-अलग हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का गठन करने में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अहम भूमिका रही है और अब कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का ऐतिहासिक और यादगार आयोजन हुआ है। राज्यमंत्री संदीप सिंह बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित हरियाणा के सिक्खों की सेवा में खट्टर नामक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

प्रदेश में गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें प्रकाश पर्व पर भव्य उत्सव का आयोजन, इस प्रकाश पर्व पर हरियाणा सरकार द्वारा पटना साहिब के लिए विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा, प्रदेश सरकार ने 2017 में नाडा साहिब से कपाल मोचन तक सडक का नाम श्री गुरु गोबिंद सिंह मार्ग रखने का ऐतिहासिक फैसला लिया, सरकार ने बाबा फतेह सिंह सरकारी महाविद्यालय का निर्माण करनाल के असंध में करवाया, अंबाला में गुरु गोबिंद सिंह पुस्तकालय के नवीनीकरण, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2017 में लखनौर साहिब में माता गुजरी पशु चिकित्सा एवं पशुधन महाविद्यालय की स्थापना करवाई, 12 फरवरी 2017 को सिख इतिहास की महान विभूति माता गुजरी को श्रद्घाजंली देते हुए अंबाला के मानव चौंक से लेकर बराला लखनौर साहिब तक की सडक का नाम बदलकर माता गुजरी मार्ग रखने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।



### विद्यालय में दिया सोलर पैनल

**कुरुक्षेत्र।** पंचायत समिति सदस्य कर्ण सिंह ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गोगपुर कुरुक्षेत्र को बच्चों की सुविधा हेतु एक सोलर पैनल, इनवर्टर डबल बैटरी 1 किलोवाट और 10 कुर्सियां मुख्याध्यापक सुरेंद्र कुमार प्रजापति को प्रदान किया। इस अवसर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य बाल कृष्ण सिंह, महेंद्र कुमार, कश्मीर सिंह, विकास, राजीव धवन, नरेश कुमार फुले, जतिन, रोहित कुमार सरपंच, गुलाब सिंह, पुनम व ग्राम पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# ब्राह्मण संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सीएम से मिले

- ब्राह्मण समाज के लिए उचित प्रतिनिधित्व की मांग की
- भाजपा नेता रूबल शर्मा और डीडी शर्मा ने किया मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** सीएम मनोहर लाल को राम मंदिर का स्वरूप भेंट करते जय भगवान शर्मा डीडी और रूबल शर्मा व अन्य।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को भाजपा के पिहोवा विस से पूर्व प्रत्याशी जय भगवान शर्मा डीडी के आवास पर पहुंचे। इस दौरान प्रदेश भर की ब्राह्मण संस्थाओ के प्रतिनिधियों ने सीएम से मुलाकात की और समाज के लिये उचित प्रतिनिधित्व की मांग की। कुरुक्षेत्र दौरे पर पहुंचे सीएम का भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा और डीडी शर्मा के साथ ब्राह्मण संस्थाओ के प्रतिनिधियों ने अयोध्या राम मंदिर का स्वरूप देकर स्वागत किया। इस दौरान सीएम ने सम्मान के लिये ब्राह्मण समाज का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि ब्राह्मण समाज को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। हरियाणा ब्राह्मण सभा प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा पहलवान ने सीएम के सामने ब्राह्मण समाज की राजनीति भागीदारी और कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि को टिकट देने की मांग रखी। इस मौके पर कुरुक्षेत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र भाजपा संयोजक एंव पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार कुमार बेदी ने कहा कि सीएम स्पष्टवादी, ईमानदार होने के साथ साथ जो कहते हैं वो करके दिखाते है। दस साल के कार्यकाल में सीएम पर कोई दाग नहीं है। जातीय या क्षेत्र के हिसाब से नहीं गरीब आदमी के कल्याण के लिये सरकार नें योजनाएं बनाई और काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास और सीएम मनोहर लाल की ईमानदारी के दम पर भाजपा केन्द्र और प्रदेश में हेट्रिक लगाएगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, चेयरमैन धुमन सिंह, चेयरमेन धर्मवीर मिजार्पुर, तिलकराज राठौर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा, पूर्व पार्षद टोनी मदान, जसवीर समानी, गगनदीप सिंह, अमन दीप सिंह मौजूद रहे।



### हजारों कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचे राज्य मंत्री संदीप

**पिहोवा।** सिखों के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर लिखी गई पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सुनने के लिए हजारों कार्यकताअरं का काफिला और राज्य मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में रवाना हुआ। कुरुक्षेत्र रोड पर नई अनाज मंडी में पहुंचे हजारों लोगों से रूबरू होते हुए राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिख समाज के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। पंजाब से भी बढ़कर सिखों की प्राचीन विरासत को सहेजने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि पिपली में सिख म्यूजियम के लिए जगह की अलॉटमेंट, लोहगढ़ में सिख युद्ध स्मारक, बड़ खालसा में म्यूजियम और ऐसे कई धार्मिक कार्यक्रम है। जो सरकार ने सिख गुरुओं और महापुरुषों के सम्मान में किए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा हरियाणा के गुरु घरों में किया जा रहे भेदभाव को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अलग से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का गठन करवाते हुए सभी कानूनी प्रक्रियाएं भी पूरी क करवाई ताकि यहां के गुरुद्वारों का पैसा गुरु की सेवा में खर्च हो सके और यहां के सिख युवाओं को गुरुद्वारों में रोजगार मिल सके।

## मांगे नही माने जाने पर 12 फरवरी को दिया जाएगा धरना : बलविंद्र सिंह

# हरियाणा रोडवेज जागृति मंच ने सौंपा 18 सूत्रीय मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा रोडवेज जागृति मंच कुरुक्षेत्र डिपो द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। संचालन डिपो सचिव प्रदीप कुमार ने किया और मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान राजिंद्र कुमार ने की। राज्य महासचिव राजबीर सैनी, राज्य संगठन सचिव बलकार सिंह बारना व राज्य सचिव नरेश सैनी भी मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान डिपो सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि डिपो में वर्ष 2016 में कार्यरत एसपीएल चालकों की वर्ष 2020 -2023 की एलटीसी व चालक परिचालको को ओवर टाइम की अदायगी जल्द की जाए और कर्मचारियो के विभागीय पहचान पत्र अपडेट किए जाएं व डिपो में कार्यरत कर्मचारियों के लंबित एसीपी को शीघ्र से शीघ्र लगाया जाए। राज्य महासचिव राजबीर सैनी ने बताया कि मुख्यालय के आदेश अनुसार वर्ष 2016 में नियुक्त चालको को अन्य कर्मचारियों की भांति 15 जनवरी 2023 को हुई हड़ताल के दिन को ड्यूटी समय मानकर उस दिन का वेतन दिया जाए और वर्ष 2016 में नियुक्त चालको व कौशल रोजगार निगम के तहत नियुक्त परिचलको को ओवरटाइम का भुगतान शीघ्र अति शीघ्र किया जाए तथा वातानुकूलित बसों का किराया राउंड फिगर व स्टैंड निर्धारित किए जाए और मुख्यालय के आदेश अनुसार वरिष्ठ कर्मचारियों को डिपो की सीटो पर लगाया जाए और ड्यूटी इंस्पेक्टर व टीआई को छह मास पूरे होने पर बदला जाए। डिपो प्रधान राजिंद्र कुमार ने बताया कि यमुनानगर बस स्टैंड पर कुरूक्षेत्र डिपो की ओर से एक कर्मचारी नियुक्त किया जाए व डिपो के चालको की नाजायज के.एम.पी.एल की चार्जशीट को वापिस लिया जाए और कुरूक्षेत्र से पुण्डरी- जींद-कुरूक्षेत्र मार्ग पर चलने वाली बस का पुण्डरी बस स्टैंड से कुरूक्षेत्र के लिए काउंटर समय निर्धारित किया जाए और उमरी चौक के स्टैंड का पंच बनाकर ई-टिकटिंग मशीन में फीड किया जाए और दिल्ली-अमृतसर और दिल्ली-मनाली मार्ग पर संचालित बसों का डीजल टैंक 350 लीटर की क्षमता का लगाया जाए और सभी बसों की साफ सफाई व धुलाई के लिए दिन के समय में एक सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए। तदोपरांत डिपो कमेटी द्वारा 18 सूत्रीय मांग पत्र कार्यालय की डायरी नंबर में दिया गया। डिपो चेयरमैन बलविंद्र सिंह सौंटी ने बयान जारी करते हुए बताया कि यदि 11 फरवरी 2024 तक यूनियन द्वारा दिए गए मांग पत्र पर कार्यवाही नहीं की गई तो डिपो प्रशासन द्वारा यूनियन विरोधी नीति अपनाने पर यूनियन के सभी पदाधिकारी व डिपो के सभी चालक-परिचालक कर्मचारी आने वाली 12 फरवरी 2024 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक दो घंटे का धरना करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेवारी डिपो प्रशासन के सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी की होगी।

## खबर संक्षेप

### पशु क्रूरता के मामले में सात आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अम्बाला क्षेत्र देवी नगर टोल प्लाजा के पास से सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के समय क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाए जा रहे 47 कटडे, 08 कटडी समेत कुल 55 पशुओं व कैन्टर यू0पी011सी0टी0-4308 को कब्जे में लेकर आरोपी नदीम, शाहिद, रिजवान, माजीद निवासी नाकुर जिला सहारनपुर यू0पी0, आरोपी नवीद, हयात निवासी मोहल्ला कुरेशियन गंगौह यू0पी0 व आरोपी मोहम्द फारूख निवासी गंगेरू करैना शामली यूपी को गिरफ्तार कर थाना सदर अम्बाला में मामला दर्ज कर न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया।

### मारने की धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

**मुलाना।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में 30 जनवरी 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल कुमार निवासी गाँव धनौरा अम्बाला जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता रोहित निवासी गाँव धनौरा थाना मुलाना जिला अम्बाला ने 20 दिसम्बर 2023 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### शराब पीने व शांति भंग करने पर एक गिरफ्तार

**मुलाना।** थाना शहजादपुर क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने व आम नागरिकों की शांति भंग करने के मामले में 30 जनवरी 2024 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी संदीप कुमार निवासी गावँ बपोली को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया।

### अवैध शराब की तस्करी करते एक दबोचा

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी के मामले में सी0आई0ए0-2 के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सचिन कुमार निवासी खटीक मण्डी थाना महेशनगर जिला अम्बाला को (12 बोतल) अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### उत्पीडऩ के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी में दर्ज दहेज उत्पीडऩ के मामले में 30 जनवरी 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राजिन्द्र सिहँ निवासी डी ब्लाक श्याम नगर तिलक नगर दिल्ली को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायकर्ता पीड़ित महिला ने 23 सितम्बर 2023 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### सडक़ दुर्घटना के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज सडक़ दुर्घटना के मामले में 30 जनवरी 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी लालता प्रसाद निवासी जिला अमेठी यूपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता अजय निवासी शाम नगर ने 20 जनवरी 2024 को थाना महेशनगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 03 जनवरी 2024 को सपेड़ा-खुड्डा रोड अम्बाला छावनी के पास आरोपी अज्ञात वाहन चालक द्वारा गलत तरीके से बिना इंडीकेटर चालू किए वाहन को खड़ा करने के कारण उसकी मोटरसाईकिल वाहन में टकराने से वह घायल हो गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च को: सीजेएम

**जींद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नौ मार्च को जींद स्थित न्यायिक परिसर सहित उपमंडल नरवाना व सफीदों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

---

### चंडीगढ़ मेयर के चुनाव पर बोले अनिल विज

# आप के कार्यकर्ताओं को वोट डालनी नहीं आती : गृहमंत्री

**लोकसभा चुनावों में हरियाणा की सभी सीटें जीतेगी भाजपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


गृह मंत्री अनिल विज।

#### प्रदेश में हर आदमी अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहा: विज

विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुडडा के ब्यान की भाजपा-जजपा की सरकार ने हरियाणा को अपराध की राजधानी बना दिया है, के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री विज ने कहा कि ''हुडडा साहब को जब से ईडी ने बुलाना शुरू किया है तब से इनमें बहुत ही ज्यादा घबराहट आ गई हैं और ये बिना तथ्यों और बेतूके ब्यान जारी करते है''। विज ने कहा कि आज प्रदेश में हर आदमी अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है, यदि कहीं पर कोई छोटी-मोटी घटना होती है तो पुलिस अपराधियों को पकडकर उनके खिलाफ कार्यवाही करती है।

#### जब अपनी वोट डालनी नहीं आती तो दूसरों की मांगने का क्या अधिकार

चण्डीगढ में मेयर के चुनावों को लेकर केजरीवाल द्वारा दिए गए ब्यान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तुम्हारे (आप पार्टी) लोगों को वोट डालनी आती नहीं, फिर वोट मांगने क्यों जाते हो, जब तुम्हें अपनी वोट डालनी नहीं आती तो दूसरों की वोट मांगने का क्या अधिकार है। क्योंकि तुम्हारी (आप पार्टी) वोटें इनवैलिड हुई है।

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में हम हरियाणा की 10 लोकसभा सीटें जीतेगे। उन्होंने कहा कि हमारी सेना हमेशा फील्ड में रहती है और ये कभी भी बैरकों में नहीं जाती है। विज आज मीडियाकर्मियों द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए खोले गए कार्यालयों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से तैयार है और इसलिए गत दिवस राज्य में 10 लोकसभा चुनावों के लिए कार्यालयों का उदघाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि उससे पहले की जो तैयारी करनी होती है और उसके लिए हमारे कार्यकर्ता हमेशा ही तैयार रहते हैं। राहुल गांधी के ब्यान कि हमें नीतीश की जरूरत नहीं है, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने हंसते हुए तंज कसा कि ''अंगूर खट्टे हैं''। उन्होंने कहा कि ''राहुल गांधी जी कल तक तो नीतीश-नीतीश कर रहे थे और अब नीतीश जी एनडीए में वापिस आ गए तो कह रहे हैं कि हमें नीतीश की जरूरत नहीं हैं''। अनिल विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी एक विचार पर नहीं टिकते हैं और उन्हें यह याद नहीं रहता कि कल मैंने क्या कहा था। उनका ज्यादा ध्यान तो स्टोव में कोयले डालकर चाय बनाने में रहता है।

---

# कोर्ट ने दो हत्यारोपियों को बरी किया

- अंबाला का बहुचर्चित रणधीर सिंह महुआखेड़ी कत्ल मामला
- बदमाशों ने गवाह पूर्ण सिंह को भी उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज, अंबाला

अंबाला के बहुचर्चित रणधीर सिंह महुआखेड़ी कत्ल मामले में सेशन जज कंचन माही की कोर्ट ने हत्यारोपी राजविंदर उर्फ अन्नू और विकास उर्फ अन्नू को बरी कर दिया है। हालांकि राजविंदर उर्फ अन्नू व विकास उर्फ विक्की रणधीर सिंह के ताऊ के लडक़े पूर्ण सिंह हत्याकांड के भी आरोपी हैं। राजविंदर उर्फ अन्नू और गैंगस्टर विक्की के खिलाफ मर्डर समेत कई मुकदमें दर्ज हैं। राजविंदर उर्फ अन्नू व विकास उर्फ विक्की के केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता मान सिंह ने बताया कि आज कोर्ट ने रणधीर सिंह मर्डर केस में राजविंदर उर्फ अन्नू व विकास उर्फ विक्की को बरी कर दिया है। 13 मई 2018 को रणधीर सिंह का नारायणगढ़ थाना एरिया में गोली व चाकू मारकर मर्डर किया गया था।

**पुलिस साबित नहीं कर पाई किस पिस्टल से हुआ था मर्डर:-** जिस वक्त रणधीर सिंह का मर्डर हुआ उस वक्त आरोपी राजविंदर उर्फ अन्नू यमुनानगर जेल में बंद था। अन्नू पर रणधीर के मर्डर की साजिश रचने के आरोप लगे थे। वहीं, इस हत्याकांड में यूपी के गैंगस्टर विकास उर्फ विक्की का नाम सामने आया था। पुलिस ने आरोपी विक्की को सोहना से गिरफ्तार किया था, जिसके पास से अवैध हथियार व गोलियों का जख़ीरा बरामद हुआ था।

**पांच साल पहले गवाह पूर्ण चंद का किया था मर्डर:** महुआखेड़ी के रणधीर सिंह हत्याकांड में गवाही देने से पहले ही बदमाशों ने 5 साल पहले पूर्ण चंद (60 साल) को भी गोलियों से छलनी कर दिया था। रात करीब साढ़े 12 बजे हत्यारों ने घर में घुसकर सोते हुए पूर्ण चंद पर पिस्टल से 7 फायर किए थे। एक गोली पूर्ण चंद के सिर के आर-पार हो गई, जबकि दूसरी गोली सीने पर व तीसरी गोली बाजू पर लगी है। मृतक के भाई सुनहरा राम की शिकायत पर पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ षड्यंत्र के तहत हत्या का मामला दर्ज किया था।

---

# परिवहन मंत्री ने कर्ण गौड़ के निधन पर जताया शोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा के जिला अध्यक्ष स्वर्गीय कर्ण किशोर गौड़ के दयाल बाग अम्बाला छावनी स्थित निवास पर जाकर उनके आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार जनों को सांत्वना देते कहा कि यह प्रकृति का नियम है कि जो इस संसार में आया है वह संसार को छोड़ कर जाएगा और हमें इसे ईश्वर की मर्जी समझ कर संतोष करना पड़ता है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि दुख कि इस घड़ी में वे परिवार के साथ है। महासभा से राजेश गौड़, विश्वदीप गौड़, संदीप गौड़, बृज किशोर गौड़, तोता राम आदि मौजूद रहे।

---

# पीएम-सीएम ने ले रखी हेल्थ व एजूकेशन की गांरटी: गोयल

- पुरानी गुड मंडी के कार्यक्रम में बोले विधायक असीम गोयल

हरिभूमि न्यूज, अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटते विधायक व उपस्थित जनसमूह। फोटो :हरिभूमि

अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि स्वास्थ्य और पढ़ाई की गारंटी मोदी व मनोहर लाल ने ली है। इसी के तहत हरियाणा प्रदेश में 2 करोड़ 70 लाख की आबादी के तहत 1.50 करोड़ लोगों के आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनाने का काम किया है। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के तहत भारत में हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां पर नौंवी से बारवीं कक्षा के विद्यार्थियों को टैब उपलब्ध करवाए गये हैं और यह संख्या लगभग 5.50 लाख है। विधायक असीम गोयल आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड नम्बर 9 के तहत पुरानी गुड़ मंडी अम्बाला शहर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस मौके पर विधायक ने 8 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजना के तहत प्रमाण पत्र भी वितरित किए। विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित लोगो को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों के लिए खुशहाली लेकर आई है। यह संकल्प जन संवाद यात्रा 30 नवम्बर से शुरू हुई थी जोकि 31 जनवरी तक चलेगी। पूरे दो महीने इस यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओ के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाकर मौके पर ही योग्य लाभपात्रों को योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम भी किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से पिछले साढे 9 वर्षों में देश में जो नये आयाम स्थापित किए गये हैं उसको दर्शाने का काम भी किया गया है। देश व प्रदेश कैसे और तीव्र गति से आगे बढ़े इसको भी दिखाने का काम किया गया है। उन्होने कहा कि पहले चरण में हरियाणा में 14.50 लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया गया था और हरियाणा में मुख्यमंत्री ने इस योजना के साथ चिरायु योजना को जोडकऱ लगभग 15 लाख आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनाने का काम किया गया है। आयुष्मान/चिरायु से सम्बन्धित लाभार्थी 5 लाख तक का निशुल्क ईलाज सरकारी व प्राईवेट अस्पताल में करवा सककता है। विधायक ने लोगों से भी इस योजना के तहत जो लाभ मिला है उसकी जानकारी हासिल की।

---

# गौरव भारद्वाज प्रथम, सिमरनजीत कौर द्वितीय

- जीएमएन कॉलेज में सूचना का अधिकार विषय पर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कॉलेज के लीगल साक्षरता सेल द्वारा सूचना के अधिकार विषय पर डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कॉलेज की कुल 12 टीमों के प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया । कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभाग के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। डॉ . दत्त ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सूचना का अधिकार और न्यायिक साक्षरता के मुद्दे पर जागरूक करना है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सूचना के अधिकार के महत्व को समझने, उसकी आवश्यकताओं पर विचार प्रस्तुत करने और इसके बढ़ते प्रयोग को सांझा करने का एक मंच प्रदान किया गया है ताकि विद्यार्थियों को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी मिल सके। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सरोज बाला एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन जस्मिता के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। प्रथम स्थान पर गौरव भारद्वाज बीकॉम द्वितीय वर्ष एवं बेबी एम.कॉम द्वितीय वर्ष ने हासिल किया। आक्षी बी.ए द्वितीय वर्ष, सिमरनजीत कौर द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान पूजा एम.कॉम द्वितीय वर्ष एवं प्रीति कौर, एमकॉम, साक्षी एम कॉम ने हासिल किया।

---

# डिस्पोजल ऑफ डेड बॉडी बिल से हो रहा लोगों के सवैधानिक अधिकारों का हनन

- मजबूरी में ही कोई करता है अपने प्रियजन के शव के साथ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज, अंबाला


अधिवक्ता रोहित जैन।

- अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का जरिया

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता रोहित जैन ने हरियाणा सरकार मंत्रिमंडल द्वारा 'द हरियाणा ऑनरेबल डिस्पोजल ऑफ डेड बॉडी बिल-2024' पर सवाल उठाते कहा कि यह एक जन विरोधी फैसला है जिससे की परिवार का अपने ही किसी प्रियजन के मृत शरीर पर अधिकार छीनने के तुगलकी फरमान है। जैन ने कहा कि हर व्यक्ति अपने प्रियजन की मृत्यु के उपरांत उसके शरीर का सम्मानजनक तरीके से धार्मिक मान्यताओं व रीति रिवाज के अनुसार क्रिया-क्रम करना चाहता है लेकिन कई बार अपने प्रियजन की मृत्यु कस्टडी, लापरवाही, अन्याय आदि में होने के कारण मृतक के परिजन न्याय के लिए अपनी आवाज उठाने के लिए मजबूरी मे शव के साथ धरना प्रदर्शन करते है और सरकार तक मृतक के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का यह सिर्फ एक मात्र जरिया होता है। परंतु अब भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने इस फैसले द्वारा किसी भी व्यक्ति के मृत शरीर पर उसके परिजनों का अधिकार भी छीन लिया है और शव के साथ धरना-प्रदर्शन या रोड जाम करने पर 6 माह से 5 साल तक कैद व एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान कर तुगलकी फरमान जारी किया हँ।

---

## प्राचीन टिल्ला मंदिर का स्थापना दिवस आज

हरिभूमि न्यूज, अंबाला

पुरानी अनाज मंडी स्थित प्राचीन टिल्ला मंदिर में 1 फरवरी को स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस बारे विस्तृत जानकारी देते हुए टिल्ला धीश पीर पारसनाथ जी के उत्तराधिकारी योगी मनसानाथ ने बताया कि इस अवसर पर झंडे की रस्म होगी व प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक सत्संग प्रवचन होंगे व बाद दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन भी किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मंदिर में 9 नाथों की मूर्तियां भी स्थापित हैं। भारत-पाकिस्तान विभाजन के पश्चात शहर की पुरानी अनाज मंडी में 1951 में पीर कलानाथ जी ने बंटवारे के बाद पाकिस्तान से लाकर सिटी की पुरानी अनाज मंडी में गुरुद्वारे के पास गद्दी टिल्ला गुरु गोरक्षनाथ मंदिर की स्थापना की थी। पीर कलानाथ 1920 से 1956 तक यहां गद्दीनशीन रहे। 1956 में उनके कैलाशवास के बाद पीर समुद्रनाथ ने गद्दी को संभाला। 1966 में उनके कैलाशवास के बाद पीर श्रद्धानाथ गद्दीनशीन बने। 1991 में वे भी कैलाशवास हो गए तो उनके शिष्य पारसनाथ गद्दी संभाल रहे हैं।

## सडक़ सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

**अंबाला।** जूनियर रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप के तीसरे दिन पुलिस लाइन स्कूल में सडक़ सुरक्षा एवं नियम विषय पर बच्चों को जागरूक किया गया। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया तथा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी ने बताया कि आज पुलिस विभाग ट्रैफिक से अनिल शर्मा ने बच्चों को सडक़ नियमों व सुरक्षा बारे अवगत कराया। कार्यक्रम में रोड़ सेफ्टी आर्गेनाइजेशन अम्बाला चेयरमैन गौरव मिगलानी, कैप्टन अमरजीत शर्मा, रोहित चौहान, ज्ञान चंद सहगल, राजेश डोगरा, अरुण गोयल ने कार्यक्रम में आकर बच्चों का होसला बढ़ाया।

## रोजगार कार्यालय की ओर से करियर गोष्ठी आयोजित

**अंबाला।** मंडल रोजगार कार्यालय अम्बाला द्वारा 2 फरवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर तथा डिवीजनल इम्पलोएमैंट ऑफिस में मण्डल रोजगार कार्यालय अम्बाला द्वारा कैरियर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान की उप प्रधानाचार्या ज्योति तथा स्टाफ के सहयोग से किया गया। कैरियर विशेषज्ञ के रूप में सिद्धेश सिंह, सहायक रोजगार अधिकारी, अम्बाला ने विद्यार्थियों को अनेक नए व उभरते हुए व्यवसायों की जानकारी दी तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इन करियर वार्ताओं में विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

# दहिया माजरा में विवाहिता ने लगाया फंदा

- परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज, बराड़ा

#### दो लाख मांग रहे थे ससुरालियें

मृतका के भाई कर्मबीर सिंह ने शिकायत में कहा कि सुखविंदर के ससुराल के लोग बाइक की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले उन्होंने एक पुरानी बाइक खरीदकर प्रवेश को दी थी व उसके बाद वर्ष 2018 में नई बाईक दी थी। अब वे लोग एक महीने से उसकी बहन के पास से 2 लाख की डिमांड कर रहे थे।

गांव दहिया माजरा में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने मृतका के ससुराल पक्ष पर दहेज को लेकर मारपीट करने व अवैध संबंध के ताने देने के आरोप लगाए। पुलिस ने मृतका के भाई कर्मबीर की शिकायत पर मृतका के पति प्रवेश कुमार, ससुर सुरजन सिंह, जेठ नरेश कुमार, भतीजा रजत, साहिल व ननद मनेशी के खिलाफ धारा 306 व 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जिला यमुनानगर के गांव कुंजल कम्बोयान निवासी कर्मबीर सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी बहन सुखविंदर कौर की शादी दहिया माजरा निवासी प्रवेश कुमार से वर्ष 2012 में की थी। तब उसके माता-पिता ने बहन की शादी में हैसियत से बढक़र दहेज दिया था।

उसकी बहन के पास 2 बेटे हैं, जिनकी उम्र 7 साल व 5 साल है। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसकी बहन को ससुराल पक्षके लोग दहेज को लेकर तंग करने लगे थे व अवैध संबंध का ताना देकर प्रताड़ित करते थे। कर्मबीर सिंह ने बताया कि ससुराल पक्ष के ज्यादा परेशान करने से उनकी बहन कुछ समय से मायके में ही रह रही थी। 4-5 दिन पहले ही उसकी बहन अपनी ससुराल दहिया माजरा में आई थी। 29 जनवरी को उसकी बहन के पड़ोस से फोन आया और उन्होंने बताया कि सुखविंदर कौर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

---

# सरकार खेलों को लगातार दे रही बढ़ावा : राजन

हरिभूमि न्यूज. जींद


**जींद।** नूर को सम्मानित करते हुए।

नेशनल साम्बो चैंपियनशीप मे स्वर्ण पदक विजेता नूर गिल के जींद पहुंचने पर भव्य स्वागत किया और बुढाबाबा बस्ती मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यअतिथि के तौर विधायक कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधी राजन चिल्लाना, जिला खेल अधिकारी कुलदीप रेढू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र मे लडकों से पीछ नही नही है। सरकार लगातार खेलों का बढावा दे रही है। जिसके चलते सभी सुविधा खिलाड़ियों को मिल रही है। साम्बो खिलाडी नूर ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने परिवार का ही नही, स्कूल तथा जिले के साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। उन्हें खिलाडी नूर की उपलब्धी पर गर्व है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान नूर बने यही कामना करते है। उन्होंने खेल कैरियर सवारने के लिए नूर का हर सभव सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम से पूर्व नूर के बुधवार सुबह रेलवे जंक्शन पहुचने पर उन्हे डीजे के साथ जलूस की शक्ल मे गुलाल उडाते हुए खुली जीप मे सम्मान समारोह आयोजन स्थल पर लाया गया। जहां पर लोगों ने नूर को आशीर्वाद दिया। काबिलेगौर है कि हाल ही में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में साम्बो इंडिया एसोसिएशन एसआईए द्वारा नेशनल साम्बो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें राजकीय कन्या वमावि घिमाना की छात्रा नूर ने 51 किलोग्राम भारवर्ग मे स्वर्ण पदक जीता है।

#### ये रहे मौजूद

स्कूल प्राचार्या पूनम गुप्ता ने कहा कि छात्रा नूर ने छोटी सी आयु में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर स्कूल व जिले का नाम पूरे प्रदेश व देश में रोशन किया है। इस मौक पर यूथ एजूकेशन सोसायटी के अध्यक्ष रमेश सैनी, सचिव किरण गिल समेत काफी सख्या मे लोग मौजूद थे।